# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

## 64वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के अंतिम परीक्षाफल के प्रकाशन के विरूद्ध उम्मीदवारों से प्राप्त अभ्यावेदनों के सम्बन्ध में

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 64वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से 24 सेवाओं/संवर्गों के अन्तर्गत प्राप्त रिक्तियों का दिनांक 06.06.2021 को अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल प्रकाशन के उपरान्त परीक्षा में शामिल कुछ उम्मीदवारों द्वारा अभ्यावेदन समर्पित करते हुए परीक्षाफल में सुधार करते हुए उन्हें सफल घोषित करने का अनुरोध किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

### A. कट–ऑफ–अंक के समान अंक प्राप्त रहने के बावजूद अंतिम रूप से चयन नही होना–

संयुक्त मेधा सूची, विभागवार उपलब्ध रिक्तियाँ एवं उम्मीदवारों द्वारा भरी गयी सेवा अधिमानता के अनुसार पदों का आवंटन करते हुए अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित किया जाता है। मेधाक्रम लिखित एवं साक्षात्कार के लब्धांक के जोड़ के आधार पर तैयार किया जाता है, जिसमें दो उम्मीदवारों के कुल लब्धांक समान होने की स्थिति में लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को मेधाक्रम में ऊपर रखा जाता है। लिखित परीक्षा के लब्धांक समान होने की स्थिति में वैकल्पिक विषय के लब्धांक के अनुसार मेधाक्रम निर्धारित होता है। वैकल्पिक विषय का प्राप्तांक समान होने की स्थिति में उम्मीदवार की जन्म तिथि के आधार पर अधिक उम्र तथा जन्म तिथि समान होने पर उम्मीदवार के नाम को देवनागरी लिपि में वर्णमाला के अनुसार मेधाक्रम में स्थान दिया जाता है।

| क्र॰ सं॰ | नाम एवं अनुक्रमांक | अभ्यावेदन के द्वारा की गयी अनुरोध की विवरणी | वस्तुस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वाति कुमारी, अनु॰–235062 | वे अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) की महिला उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–495 अंक प्राप्त है। अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) की महिला का कट–ऑफ–अंक 495 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | सुश्री स्वाति कुमारी, अनुक्रमांक–235062 का कुल प्राप्तांक–495 एवं मेधा क्रमांक–2327 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अन्तिम उम्मीदवार मेधा क्रमांक–2323 पर अवस्थित हैं और उन्हें लिखित परीक्षा में सुश्री स्वाति कुमारी से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |
| 2. | राकेश कुमार सिंह, अनु॰–233204 | वे अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) के स्वतंत्रता सेनानी कोटि के उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–516 अंक प्राप्त है। अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) का कट–ऑफ–अंक 516 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | श्री राकेश कुमार सिंह, अनुक्रमांक–233204 का कुल प्राप्तांक–516 एवं मेधा क्रमांक–1579 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अंतिम उम्मीदवार मेधा क्रमांक–1569 पर अवस्थित हैं और उन्हें लिखित परीक्षा में श्री राकेश कुमार सिंह से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। स्वतंत्रता सेनानी कोटि में अंतिम रूप से सफल उम्मीदवार का प्राप्तांक 517 है। |
| 3. | Raksha Gaurav अनु॰–554581 | वे पिछड़ा वर्ग (05) की महिला उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–510 अंक प्राप्त है। पिछड़े वर्गों की महिला (06) का कट–ऑफ–अंक 510 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | सुश्री रक्षा गौरव, अनुक्रमांक–554581 का कुल प्राप्तांक–510 एवं मेधा क्रमांक–1800 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अंतिम उम्मीदवार मेधा क्रमांक–1782 पर अवस्थित हैं और उन्हें लिखित परीक्षा में सुश्री रक्षा गौरव से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |

| क्र॰ सं॰ | नाम एवं अनुक्रमांक | अभ्यावेदन के द्वारा की गयी अनुरोध की विवरणी | वस्तुस्थिति |
|---|---|---|---|
| 4. | Abhishek Kumar Sinha अनु॰–135331 | वे सामान्य (01) कोटि के उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–535 अंक प्राप्त है। अनारक्षित (01) कोटि का कट–ऑफ–अंक 535 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | श्री अभिषेक कुमार सिन्हा, अनुक्रमांक–135331 का कुल प्राप्तांक–535 एवं मेधा क्रमांक–904 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अंतिम उम्मीदवार मेधा क्रमांक–898 पर अवस्थित हैं और उन्हें लिखित परीक्षा में श्री अभिषेक कुमार सिन्हा से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |
| 5. | Kamlendra Pratap Singh अनु॰–151898 | वे सामान्य (01) कोटि के उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–535 अंक प्राप्त है। अनारक्षित (01) कोटि का कट–ऑफ–अंक 535 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | श्री कमलेन्द्र प्रताप सिंह, अनुक्रमांक–151898 का कुल प्राप्तांक–535 एवं मेधा क्रमांक–900 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अंतिम उम्मीदवार मेधा क्रमांक–898 पर अवस्थित हैं और उन्हें लिखित परीक्षा में श्री कमलेन्द्र प्रताप सिंह से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |
| 6. | Rohit Raj Anand अनु॰–510394 | वे सामान्य (01) कोटि के उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–535 अंक प्राप्त है। अनारक्षित (01) कोटि का कट–ऑफ–अंक 535 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | श्री रोहित राज आनन्द, अनुक्रमांक–510394 का कुल प्राप्तांक–535 एवं मेधा क्रमांक–910 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अंतिम उम्मीदवार का मेधा क्रमांक–898 है और उन्हें लिखित परीक्षा में श्री रोहित राज आनन्द से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |
| 7. | Alok Kumar अनु॰–306778 | उम्मीदवार अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) के उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–516 अंक प्राप्त है। अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) का कट–ऑफ–अंक 516 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | श्री आलोक कुमार, अनुक्रमांक–306778 का कुल प्राप्तांक–516 एवं मेधा क्रमांक–1577 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अंतिम उम्मीदवार का मेधा क्रमांक–1569 है और उन्हें लिखित परीक्षा में श्री आलोक कुमार से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |
| 8. | Shahina Begum अनु॰–288494 | उम्मीदवार सामान्य (01) कोटि की महिला उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–513 अंक प्राप्त है। अनारक्षित (01) कोटि की महिला का कट–ऑफ–अंक 513 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | सुश्री शाहिना बेगम, अनुक्रमांक–288494 का कुल प्राप्तांक–513 एवं मेधा क्रमांक–1699 है। उक्त कोटि में समान अंक पर चयनित अंतिम उम्मीदवार का मेधा क्रमांक–1680 है और उन्हें लिखित परीक्षा में सुश्री शाहिना बेगम से अधिक अंक प्राप्त है। इस कोटि में कोई पद रिक्त नहीं रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |

## B. <u>कट–ऑफ–अंक से अधिक अंक प्राप्त रहने के बावजूद अंतिम रूप से चयन नही होना–</u>

| क्र॰ सं॰ | नाम एवं अनुक्रमांक | अभ्यावेदन के द्वारा की गयी अनुरोध की विवरणी | वस्तुस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | काजल कुमारी, अनु॰–561829 | उम्मीदवार पिछड़ा वर्ग (05) की महिला उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–511 अंक प्राप्त है। पिछड़ा वर्ग (05) की महिला का कट–ऑफ–अंक 511 एवं पिछड़े वर्गों की महिला (06) का कट–ऑफ–अंक 510 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | सुश्री काजल कुमारी, अनुक्रमांक–561829 द्वारा केवल बिहार पुलिस सेवा (पुलिस उपाधीक्षक) का चयन अपने आवेदन के सार प्रपत्र–II (घोषणा) में किया गया है। बिहार पुलिस सेवा (पुलिस उपाधीक्षक) में चयन हेतु इन्हें पर्याप्त अंक प्राप्त नहीं है। |

| क्र॰ सं॰ | नाम एवं अनुक्रमांक | अभ्यावेदन के द्वारा की गयी अनुरोध की विवरणी | वस्तुस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 2. | Kamlesh Kumar Singh, अनु॰–570636 | उम्मीदवार सामान्य (01) कोटि के उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–537 अंक प्राप्त है। अनारक्षित (01) कोटि का कट–ऑफ–अंक 535 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | श्री कमलेश कुमार सिंह, अनुक्रमांक–570636 का कुल प्राप्तांक – 537 एवं मेधा क्रमांक 847 है। इनके द्वारा आवेदन के सार प्रपत्र–II (घोषणा) में मात्र 04 पदों – आपूर्ति निरीक्षक, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं प्रखंड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी के लिए अधिमानता अंकित की गयी है। उक्त पदों के विरूद्ध अनारक्षित (01) पुरूष कोटि के अन्तर्गत चयनित अन्तिम उम्मीदवार मेधा क्रमांक 831 पर अवस्थित हैं एवं उन्हें श्री कमलेश कुमार सिंह से अधिक अंक प्राप्त है। |
| 3. | कुमारी आँचल, अनु॰–461217 | उम्मीदवार अनुसूचित जाति (02) की महिला उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–515 अंक प्राप्त है। अनुसूचित जाति (02) की महिला का कट–ऑफ–अंक 473 एवं पिछड़े वर्गों की महिला का कट–ऑफ–अंक 510 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | सुश्री कुमारी आँचल, अनुक्रमांक–461217 द्वारा उपलब्ध 24 पदों में से केवल 16 पदों के लिए अधिमानता अपने आवेदन के सार प्रपत्र–II (घोषणा) में अंकित की गयी है। उक्त पदों के अन्तर्गत अनुसूचित जाति (02) की महिला कोटि एवं पिछड़े वर्गों की महिला (06) कोटि के लिए चयनित अंतिम उम्मीदवार को सुश्री कुमारी आँचल से अधिक अंक प्राप्त है। |
| 4. | Rina Kumari, अनु॰–570183 | उम्मीदवार सामान्य (01) कोटि की महिला उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–514 अंक प्राप्त है। अनारक्षित (01) कोटि की महिला का कट–ऑफ–अंक 513 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | सुश्री रीना कुमारी, अनुक्रमांक–570183, मेधा क्रमांक–1650 द्वारा केवल आपूर्ति निरीक्षक, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखंड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी के पदों के लिए अधिमानता का अंकन अपने आवेदन के सार प्रपत्र–II (घोषणा) में किया गया है। उक्त पदों के अन्तर्गत अनारक्षित (01) महिला कोटि में चयनित अंतिम उम्मीदवार मेधा क्रमांक–1565 पर अवस्थित हैं। उक्त पदों के लिए कम प्राप्तांक रहने के कारण इनका चयन नहीं हुआ। |
| 5. | Amit Singh, अनु॰–394714 | उम्मीदवार अनारक्षित (01) कोटि के उम्मीदवार हैं। इन्हें कुल–537 अंक प्राप्त है। अनारक्षित (01) कोटि का कट–ऑफ–अंक 535 है। इनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाय। | श्री अमित सिंह, अनुक्रमांक–394714 की उम्र, दिनांक 01.08.2018 (विज्ञापन में निर्धारित उम्र सीमा की गणना) को 21 वर्ष से ज्यादा एवं 22 वर्ष से कम है। उम्मीदवार का मेधा क्रमांक–851 है। उम्मीदवार के मेधा क्रमांक पर अनारक्षित (01) पुरूष कोटि के अन्तर्गत मात्र प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी (BMW) का ही पद उपलब्ध था। प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी (BMW) के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 22 वर्ष है, अतः उक्त पद हेतु वे योग्य नहीं है। |

17.6.21